तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 21 अक्टुबर 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 विद्यार्थियों को निःशुल्क जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने मिशन मोड में चल रहा कार्य



## खबर संक्षेप

### शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के लिए पंजीयन प्रारंभ

**जांजगीर चांपा।** भारतीय सेना में युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों के लिये अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन 4 से 12 दिसंबर तक जिला मुख्यालय रायगढ में आयोजित होगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस जिले के युवाओं को अग्निवीर भर्ती रैली में अधिक से अधिक संख्या में लाभ प्राप्त हो इस उद्देश्य से निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण 10 सितंबर से प्रारंभ किया जा चुका है। जो युवा अग्निवीर भर्ती हेतु ली गई ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण अपना पंजीयन करा चुके है, उन्हे पुनः पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं है और जो युवा अभी तक पंजीयन नहीं कराये है वे 30 अक्टूबर तक जिला रोजगार कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते है।

### श्रीमद् भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ आज से

**जांजगीर चांपा।** जैजैपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम शिकारीनार (नंदेली) में सोमवार 21 अक्टूबर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से किया जाएगा। कथा व्यास पंडित कृष्ण दुबे करनौद (बिर्रा) वाले होंगे। 21 अक्टूबर दिन सोमवार को कलश यात्रा के साथ कथा प्रारंभ किया जाएगा। सोमवार 28 अक्टूबर को तुलसी वर्षा, हवन ,सहस्त्रधारा एवं ब्राह्मण भोज होगा।

### लीनेस डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट की आधिकारिक यात्रा 22 को

**सक्ती।** आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम -1 संपदा की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट लीनेस दीपा घई के आधिकारिक यात्रा एवं एरिया कान्फ्रेंस में आगमन 22 अक्टूबर मंगलवार को स्टेशन रोड में स्थित होटल रैन बसेरा में हो रहा है। उनके द्वारा एरिया -8 के चारों क्लब सक्ती, कोरबा,हरितिमा दर्री एवं दादर गोल्डन के द्वारा किये गये सेवा एवं प्रसानिक गतिविधियों का अवलोकन कर सदस्यों से चर्चा कर उचित मार्गदर्शन एवं आगामी कार्यक्रमो के सम्बंध में जानकारी दिया जाएगी। इस अवसर पर सभी लीनेस सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपास्थित होने की अपील एरिया आफिसर लीनेस डॉ. शालू पाहवा ने की है।

### आकस्मिक मृत्यु के 8 प्रकरणों में 32 लाख रुपए स्वीकृत

**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर ने आपदा मृत्यु के 8 प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 32 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी है। जिले की तहसील अकलतरा के ग्राम पंचायत तरौद निवासी नरसिंग सकट की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी मां श्रीमती आबी बाई, अकलतरा निवासी आकाश श्रीवास की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस श्रीमती राधा श्रीवास, तहसील बलौदा के ग्राम पंचायत कण्डरा निवासी भिखारी लाल की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती सुशीला बाई, तहसील जांजगीर के ग्राम पंचायत तेन्दुभांठा निवासी तमन्ना चौहान की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर मां श्रीमती शांति बाई चौहान, ग्राम पंचायत उदेबंद निवासी जोईधाराम केंवट की लू लगने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती खिखुल बाई, तहसील बम्हनीडीह के ग्राम बिर्रा निवासी आनंद राम पटेल की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती जगमति, तहसील नवागढ़ के ग्राम पंचायत बरबसपुर निवासी समीर पटेल की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस राम कुमार पटेल एवं तहसील पामगढ़ के ग्राम पंचायत भैंसो निवासी साक्षी मानिकपुरी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस सुरेश दास को चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

बाराद्वार थाना क्षेत्र के मुक्ताराजा नेशनल हाइवे की घटना

# मार्निंग वॉक पर निकली तीन महिलाओं की ट्रेलर की चपेट में आने से मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार

मार्निंग वॉक पर निकली तीन महिलाओं को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैलर ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में तीनों महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क हादसा बाराद्वार थाना क्षेत्र के मुक्ताराजा नेशनल हाइवे पर हुआ।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुक्ताराजा निवासी बिंदिया बरेठ पिता श्याम प्रसाद बरेठ उम्र 21 वर्ष, उसकी भाभी अकांक्षा बरेठ पति युवराज बरेठ उम्र 22 वर्ष तथा उनकी पड़ोसी सीमा भैना पिता कैलाश भैना उम्र 21 वर्ष रविवार 20 अक्टुबर की सुबह पांच बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। वे नेशनल हाईवे में पैदल टहल रहे थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए तीनों को अपनी चपेट में ले लिया। तीनों को गंभीर चोट आई और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। इधर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। एक साथ तीन मौत से लोग आक्रोशित होने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस बल भी कुछ देर बाद मौके पर पहुंच गई। नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी और एस आई अनवर अली ने स्थिति को देखते हुए पिड़ित परिवार को ढांढस बंधाया और मौके से लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिस प्रकार से लोगों की भीड़ इकट्ठा हुई थी उससे चक्काजाम की स्थिति बनते नजर आ रही थी। चूंकि लगभग एक वर्ष पहले ही सीमा भैना की छोटी बहन को मुक्ताराजा बस स्टैंड के पास एक ट्रेलर ने अपनी चपेट में ले लिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। कैलाश भैना नगर पंचायत के पूर्व पार्षद भी रहे हैं उनकी चार लड़कियां थी जिसमें सबसे छोटी बेटी का एक वर्ष पहले सड़क दुघर्टना में और तीसरी लड़की सीमा भैना की सड़क दुघर्टना में रविवार को मौत हो गई। बिंदिया और सीमा सहेली थी और दोनों पढ़ाई में अच्छी थी। साथ ही दोनों आरक्षक भर्ती की तैयारी में जुटी थी। सुबह दोनों दौड़ की तैयारी करती थी। मुक्ताराजा सहित पूरे नगर में एक साथ तीन मौत होने से पूरा नगर गमगीन है।



घटना के बाद लगी भीड़ को समझाइश देती पुलिस।

### सड़क पर स्पीड ब्रेकर और सीसी कैमरे लगाने की जरूरत

बाराद्वार क्षेत्र में भीमकाय वाहनों की आवाजाही लगातार होती रहती है। नगर समेत क्षेत्र में भी बड़े वाहनों से लेकर छोटे वाहन वाले अत्यधिक गति से चलते हैं जिससे सड़क बनने के बाद से दुर्घटना की संख्या बढ़ी है। नेशनल हाईवे के ठेकेदार के द्वारा नगर सीमा से पहले कहीं भी सूचना बोर्ड नहीं लगाया गया है जिससे वाहन चालकों को जानकारी ही नहीं हो पाता है कि आगे आबादी क्षेत्र है साथ ही स्पीड ब्रेकर होने से गति में कमी आएगी। नगर पंचायत की ओर से नगर क्षेत्र के मुख्य चौकों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं लेकिन अभी भी कयी स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे की जरूरत है जिससे ऐसी दुर्घटना को अंजाम देने वाले गाड़ियों को इसकी मदद से पकड़ा जा सके। लोकसभा चुनाव के समय स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने एस पी अंकिता शर्मा से मुलाकात कर स्पीड ब्रेकर तथा सीसीटीवी की नगर में आवश्यकता को बताया था, जिस पर उन्होंने थाने में उस समय पदस्थ निरीक्षक गगन वाजपेई को इस हेतु प्रयास करने के लिए कहा गया था, लेकिन नतीजा आज तक कुछ नहीं निकला है, जिससे सड़क दुघर्टना में लोगों की जान जा रही है।



युवकों की खोजबीन करती एसडीआरएफ की टीम।

# देवरी में पिकनिक मनाने गए दो युवक हसदेव नदी में डूबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पिकनिक स्पाट देवरी में रविवार को एक बड़ी दुर्घटना हो गई। हसदेव नदी मे नहाने के दौरान दो युवक गहरे पानी मे डूब गए। पुलिस एस डी आर एफ की मदद से युवकों की तलाश मे जुटी है।

जांजगीर चाम्पा जिला के पंतोरा चौकी के देवरी में रविवार 20 अक्टूबर को ग्राम कापन से कुछ लोग पिकनिक मनाने गए थे। गांव से दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए 22 साल के लिखेस पटेल और सूखेन्द्र बरेठ दोपहर करीब 2 बजे नदी में नहाने चले गए। कुछ देर बाद दोनों युवक पानी मे नहीं दिखे तो साथ में गए दोस्त ने उनकी तलाश की। युवकों का कोई पता नहीं चलने पर पंतोरा पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। घटना की सूचना मिलने पर पंतोरा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर सूखेन्द्र और लिखेश की खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने एस डी आर एफ को बुलाया। एड डी आर एफ की मदद से भी खोजबीन की गई, लेकिन खबर लिखे जाने तक दोनों युवक का पता नहीं चल सका है।

- एसडीआरएफ की मदद से तलाश में जुटी पुलिस

### एक दिन पहले था सूखेन्द्र का जन्मदिन

सूखेन्द्र बरेठ का एक दिन पहले ही जन्मदिन था, जिसकी पार्टी मनाने सभी दोस्त देवरी पहुंचे थे। सूखेन्द्र बरेठ के साथ लिखेस पटेल नदी मे नहाने गया और दोनों पानी मे डूब गए। पानी की अधिक गहराई होने के कारण अभी तक दोनों का कुछ पता नहीं चल पाया है।

### देवरी है डेंजर जोन

जांजगीर चाम्पा जिला के देवरी चिचोली पिकनिक स्पाट को जिला प्रशासन ने पहले हैं डेंजर जोन घोषित कर दिया है। यहां गहरे पानी मे नहाने से रोकने के लिए निर्देश भी जारी किया है। इसके बाद भी लोग बड़ी संख्या मे देवरी के हसदेव नदी के किनारे पिकनिक मनाने जाते है,और हसदेव नदी की गहराई मे फंस जाते हैं। इससे पहले भी नदी में डूब कर कई लोग काल के गाल मे समा गए हैं।



जिला अस्पताल में स्थिति का जायजा लेने पहुंचे पुलिस के अफसर।

# दो साल की मासूम से दुष्कर्म आरोपी सौतेला पिता गिरफ्तार

## झाड़ियों के बीच खून से लथपथ मिली बच्ची

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर में दो साल की बच्ची हैवानियत का शिकार हुई। बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात हुई है। दुष्कर्म किसी और ने नहीं बल्कि बच्ची के सौतेले पिता ने की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

शनिवार 19 अक्टूबर की रात दो साल की बच्ची शहर के आउटर में संदिग्ध अवस्था में खून से लथपथ झाड़ियों के बीच मिली। जब मोहल्ले के लोगों ने बच्ची की रोने और कराहने की आवाज सुनी तो परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने तुरंत डायल 112 की मदद से बच्ची को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। परिजनों ने रात में ही कोतवाली थाना पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए रात में ही एस पी विवेक शुक्ला जिला अस्पताल पहुंचे और बच्ची की स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दुष्कर्म का अपराध दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला कि मासूम बच्ची के सौतेले पिता ने ही दरिंदगी दिखाते हुए दुष्कर्म किया। घृणित कार्य करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने रविवार 20 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया। इधर इस घटना से सभी स्तब्ध हैं और हर कोई इसकी निंदा कर रहा है।

### डुडगा में जुआ खेलते चार जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ क्षेत्र के ग्राम डुडगा में छतदार चबूतरा के पास जुआ खेल रहे चार जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। उनके कब्जे से 22 सौ रूपये नगदी एवं 52 पत्ती तास की गड्डी जब्त की गई है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 3(2) छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2023 के तहत कार्यवाही किया गया है। पामगढ़ पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम डुडगा में छतदार चबूतरा के पास दबिश दी। मौके पर डुडगा निवासी भानु प्रकाश खरे उम्र 40 साल, धर्मेन्द्र उर्फ जुगेश वानी उम्र 32 साल, मनहरण लाल सूर्यवंशी उम्र 46 साल एवं बलिराम खांडेकर उम्र 43 साल को जुआ खेलते पकड़ा गया। जुआरियों के कब्जे से 22 सौ रुपए एवं 52 पत्ती तास जप्त किया गया। वहीं आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2023 के तहत कार्रवाई की गई।


# जिला मुख्यालय का ट्रैफिक सिग्नल खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर की ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था बदहाल हो चुकी है, जिसके चलते आवागमन करने वाले आम लोगों सहित वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है। इस पर व्यवस्था बनाने को लेकर जिम्मेदार विभाग का महकमा ध्यान तक नही दे रहे है।

- व्यवस्था बनाने को लेकर जिम्मेदार महकमा नहीं दे रहा ध्यान

गौरतलब है कि जांजगीर शहर की ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था बदहाल हो चुकी है। शहर के कचहरी चौक, नेताजी चौक सहित अन्य जगहों पर लगाए गए ट्रैफिक सिग्नल मशीन खराब हो चुके है। जिसके चलते अकलतरा, केरा, चाम्पा, बलौदा, बिलासपुर सहीत अन्य मार्गो की ओर आने जाने वाले आम लोगों के साथ वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस तरह की समस्या आए दिन बनी रहती है। इन सबके बावजूद सिग्नल व्यवस्था बनाने की ओर ध्यान तक नही दिया जा रहा है, जिसका खामियाजा वाहन चालक सहित आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। खासकर शाम ढलते ही शहर के केरा रोड,नेता जी चौक, कचहरी चौक, सहीत अन्य स्थानो पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसके अलावा शहर में लोग सामानो की खरीदी करने के लिए बड़े पैमाने पर आना जाना करते है। इस दौरान अपने वाहन सड़क के किनारे ही खड़ा कर देते है, जिसके चलते पुलिस प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। शाम के समय ट्रैफिक व्यवस्था बनाने को लेकर पुलिस एवं यातायात विभाग से जुडे अफसरो की टीम पेट्रोलिंग करने के लिए निकलती है। वहीं इस दौरान व्यापारियो के साथ लोगों को अपने वाहन सड़क किनारे मुख्य मार्ग पर नही रखने की समझाइश भी दी जाती है। बावजूद इसके कई लोग ट्रैफिक सिग्नल एवं यातायात नियमों की अनदेखी कर देते है।



नेताजी चौक पर बंद पड़ा ट्रैफिक सिग्नल।

### बनायेंगे व्यवस्था

शहर में ट्रैफिक सिग्नल खराब हो जाने को लेकर यातायात प्रभारी से जानकारी मंगाई जाएगी। इसके बाद जानकारी लेकर व्यवस्था बनाई जाएगी।

-राजेन्द्र जायसवाल,
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक
जांजगीर-चांपा

### 50 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** अकलतरा पुलिस ने ग्राम कोटमीसोनार में अवैध रुप से शराब परिवहन करते 50 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। अकलतरा पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन में अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अकलतरा पुलिस द्वारा ग्राम कोटमीसोनार में रामचरण गोड के कब्जे से पाउच में रखे अवैध कच्ची महुआ शराब 50 लीटर कीमती 10 हजार रुपया एवं परिवहन में प्रयुक्त एक हीरो ग्लैमर क्र सीजी 11 बी डी 7245 कीमती 50 हजार रूपये को बरामद किया। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर 19 अक्टुबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा। इस कार्यवाही में निरीक्षक मणीकांत पाण्डेय, प्रधान आरक्षक राकेश राठौर, आरक्षक विनोद राठौर गौकरण राय, बसंत साहू का योगदान रहा।

# महिला की संदिग्ध मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम मुरलडीह में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में रविवार को मौत हो गई। महिला के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

इस संबंध में यह जानकारी मिली कि ग्राम रिस्दा निवासी बलीराम राम जांगड़े की पुत्री धनेश्वरी की शादी 6 वर्ष पूर्व ग्राम मुरलीडीह निवासी सत्यम कोसरे से हुई थी। सत्यम कोसरे शराब एवं जूए का आदी था तथा आए दिन वह शराब के नशे में अपने पत्नी से मारपीट किया करता था। इस बात को लेकर धनेश्वरी कोसरे कई बार ससुराल को छोड़कर अपने मायके जा चुकी थी। 2023 में सत्यम एवं धनेश्वरी के बीच चार गवाहों के हस्ताक्षर के साथ स्टांप पेपर में समझौता नामा भी हुआ था जिसमें सत्यम कोसरे के द्वारा भविष्य में कभी शराब एवं जुआ नहीं खेलने का वादा किया गया था एवं धनेश्वरी कोसरे के साथ कुछ घटना होने पर उसकी जिम्मेदारी लेने की बात कही गई थी। रविवार 20 अक्टुबर की शाम 4:30 बजे सत्यम कोसरे के द्वारा अपनी पत्नी धनेश्वरी कोसरे को संदिग्ध परिस्थितियों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया एवं अस्पताल में बताया गया कि उसकी पत्नी फांसी का फंदा लगाकर झूल रही थी। इस बीच वह पहुंच गया एवं फांसी के फंदे को निकाल कर वह उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया है। चिकित्सकों ने धनेश्वरी का निरीक्षण के पश्चात मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता बलीराम जांगड़े के द्वारा सत्यम कोसरे पर आरोप लगाया है कि उसकी पुत्री की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी के फंदे पर लटकाया गया है। घटना की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार शालिनी तिवारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची एवं पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी भेजा गया। 21 अक्टूबर को मृतिका के शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। इस संबंध में थाना प्रभारी मणिकांत पांडे का कहना है कि धनेश्वरी कोसरे के गले में फांसी के फंदे एवं हाथ में चोट का निशान दिखाई दे रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही महिला के मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

- अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुरलीडीह का मामला

पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत

# चांद के दीदार के साथ हुई करवा चौथ की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सुहागिन महिलाओं ने पति की लम्बी आयु की कामना को लेकर रविवार 20 अक्टुबर को करवा चौथ का व्रत रखा। शाम को महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की तैयारी की। जब चांद का दीदार हुआ तो विधि-विधान से पूजा कर जल ग्रहण करके व्रत की मान्यता पूरी की।

कार्तिक मास के कृष्णक्ष के चतुर्थी को करवा चौथ मनाया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महाभारत में पाण्डवों की दशा को देखकर भगवान कृष्ण ने द्रौपदी को अपने पति और परिवार की सुख समृध्दि के लिए इस व्रत को रखने की सलाह दी तब से विवाहित महिलाएं अपने अखंड सुहाग की कामना को लेकर इस दिन उपवास रखती है। इस दौरान रविवार 20 अक्टुबर को महिलाओं ने सुबह से ही निर्जला व्रत रखा। शाम होते ही नई नवेली दुल्हन की तरह सज-धज कर और पूजा के लिए थाल सजा कर चंद्रोदय का इंतजार करती रही। व्रती महिलाओं ने थाली में गौरी गणेश की स्थापना कर सौभाग्य सामग्री को करवा (मटकी) में रखकर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। वहीं पूजा के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं एक जगह एकत्रित होकर संध्याकाल में पूजा के पश्चात करवा चौथ की कथा का श्रवण किया। इसी क्रम में पूजा की थाली को कतारबद्ध बैठी महिलाओं ने आपस में सात बार घुमाया। इस दौरान भजन व गीत संगीत का दौर चलता रहा। आसमान पर जब चांद निकला तो महिलाओं ने चंद्रदेव को चलनी से देखकर जल और दूध से अर्ध्य देकर आरती उतारी। इसके बाद महिलाओं ने अपने पति की पूजा कर पति के हाथ से जल ग्रहण कर उपवास तोड़ा। करवा चौथ को लेकर नई-नवेली दुल्हनों में खासा उत्साह देखा गया।



विधि विधान से पूजा-अर्चना कर लंबी उम्र की दुआ मांगती सुहागिन।

## खबर संक्षेप

### सुरक्षा में तैनात त्रिपुरा राइफल्स के जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

**कोरबा।** कुसमुंडा खदान के 29 नंबर कोल स्टॉक में सुरक्षा के लिए तैनात त्रिपुरा राइफल के एक जवान ने अपने सर्विस बंदूक एके 47 से गोली मारकर हत्या कर ली है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। घटना स्थल पर त्रिपुरा रायफल के जवानों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस ने घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए एफसीएल की टीम को भी मौके पर बुलाया। उल्लेखनीय है कि एसईसीएल की कुसमुंडा खदान की सुरक्षा का जिम्मा त्रिपुरा राइफल्स के कंधों पर है। त्रिपुरा राइफल्स के जवान खदान की सुरक्षा में तैनात रहते हैं। कंपनी के जवान आजाद सिंह की शुक्रवार रात खदान की सुरक्षा में ड्यूटी लगी थी। आजाद सिंह ने खदान के कोल स्टॉक नंबर 29 के पास अपनी सर्विस राइफल एके-47 से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आजाद सिंह मूलतः राजस्थान का रहने वाला है। घटना की जानकारी मिलते ही त्रिपुरा राइफल्स व एसईसीएल प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलने पर कुसमुंडा थाना प्रभारी निरीक्षक रूपक शर्मा मौके पर पहुंचे। मामला गंभीर होने से घटनास्थल को सुरक्षा घेरे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल में जुट गई। खदान में इस तरह की यह पहली घटना है। पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और घटना स्थल का गहनता से निरीक्षण किया। कुसमुंडा थाना प्रभारी रूपक शर्मा के मुताबिक प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मामले में जांच की जा रही है, जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी किन वजहों से त्रिपुरा राइफल्स के जवान आजाद सिंह ने यह आत्मघाती कदम उठाया है।

### सोशल मीडिया में मुख्यमंत्री पर टिप्पणी, व्याख्याता निलंबित

**कोरबा।** महंगाई भत्ता को लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करना जिले के एक शिक्षक को भारी पड़ गया। डीपीआई ने तत्काल प्रभाव से व्याख्याता को सस्पेंड करने का आदेश दिया है। पिछले दिनों राज्य सरकार ने 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाकर 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता राज्यकर्मियों का किया था। हालांकि राज्य सरकार की इस घोषणा से शिक्षक व कर्मचारी खुश नहीं थे। अलग-अलग तरीकों से शिक्षकों ने इसका विरोध भी जताया था। जिले के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी विकासकंड करतला में पदस्थ व्याख्याता नित्यानंद यादव ने इस मुद्दे पर फेसबुक पर मुख्यमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। सोशल मीडिया पर किये इस पोस्ट पर शिक्षा विभाग ने संज्ञान लिया और नित्यानंद यादव को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। व्याख्याता नित्यानंद यादव को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जिला जांजगीर-चाम्पा अटैच किया गया है।

### साहू समाज की हुई बैठक पुनीराम बने मंडल उपाध्यक्ष

**कोरबा।** जिला साहू समाज का शनिवार को चेक पोस्ट में बैठक आहूत की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष गिरजा साहू जिला के उपाध्यक्ष दिनेश कुमार साहू, निर्वाचित प्रेमलाल साहू, उपाध्यक्ष घनश्याम साहू, कोषाध्यक्ष अमृतलाल साहू केंद्र अध्यक्ष कटघोरा उपाध्यक्ष कटघोरा तहसील ईश्वर साहू, संगठन सचिव संभागीय श्रीमती वंदना साहू, श्रीमती हिंदू उपासना साहू, कार्यवाहक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ एवं सीपी चौधरी की केवल साहू, बन्नू लाल साहू, बृजेश साहू, वृंदा साहू, सावित्री साहू सहित स्व जाति बंधु शामिल हुए।

### श्रमिक संघ सीटू ने 11 मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कोरबा।** कोयला श्रमिक संघ सीटू कुसमुंडा क्षेत्र के तत्वावधान में बीते दिनों महाप्रबंधक राजीव सिंह को ठेका श्रमिकों की मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें ठेका श्रमिकों को हाई पावर कमेटी की फैसले के आधार पर बोनस देने की चर्चा के दौरान महाप्रबंधक ने दीपावली से पहले बोनस देने की बात कही गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान क्षेत्रिय अध्यक्ष कामरेड सामार सिंह, क्षेत्रिय सचिव कामरेड सजी टी जान, प्रेमपाल सान्डेय मो सद्दाम, आई पी केसरवानी, एलपी टन्डन, मो इरफान, एनी एलेक्स, नरेन्द्र गबेल, राजकुमार, राम कुमार पाण्डेय, एचएल ओझा, आदि उपस्थित रहे।

## वार्ड क्रमांक 16 में 45 लाख की लागत के तीन विकास कार्यों का भूमिपूजन

# पहले लाखों के काम के लिए लगाने पड़ते थे चक्कर अब सांय-सांय हो रहे करोड़ों के कार्यः देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वार्डों को विकास के लिए बीते कुछ वर्षों में खूब इंतज़ार करना पड़ा, स्थिति यह थी कि वार्डों को 4 लाख के कार्य के लिए महीनों तक चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन 4 करोड़ के कार्य सांय-सांय स्वीकृत भी हो रहे हैं और तेज़ी से प्रारंभ कर पूर्ण भी किए जा रहे हैं।

उक्त बातें वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने वार्ड क्रमांक 16 कोहड़िया के जोगियाडेरा में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के आसंदी से कही। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शहर के नागरिक कभी नहीं भूले हैं कि किस तरह वार्डों को विकास के लिए तरसाया गया। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि शहर का हर वार्ड मेरा परिवार है और अपने परिवार की समस्या का निदान करना उनकी पहली प्राथमिकता है और इसी प्राथमिकता के आधार पर बीते 9 महीने में 250 करोड़ की राशि निगम को जारी की जा चुकी है। इसमें हर वॉर्ड के कार्यों को शामिल किया गया है। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि बीते 10 साल में ऐसा एक साल नहीं गुजरा जब शहर की सड़क नहीं उखड़ी हो, बीते साल विधानसभा चुनाव से पहले आनन फानन में सड़क बनाई गई थी, जो कुछ महीने में ही उखड़ गई थी। गुणवत्ता नजर अंदाज कर काम किया गया। अब भाजपा सरकार में फिर से टायरिंग शुरू की गई। मंत्री श्री देवांगन ने अधिकारियों को पूरी गुणवत्ता के साथ काम करने कहा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, नरेंद्र पाटनवार, मंजू सिंह, नारायण सिंह ठाकुर, योगेश मिश्रा, लक्ष्मण श्रीवास, प्यारेलाल साहू, देवेंद्र गोस्वामी, एचके डेनियल, तुषार मानसर, लाल सिंह, सोनाराम पटेल, शंकर मांझी सहित बड़ी संख्या में वॉर्डवासी उपस्थित रहे।



विकास कार्यों का भूमिपूजन करते श्री देवांगन एवं अन्य।

### परिवार की तरह वार्ड की सेवा करना उद्देश्यः नरेंद्र

इस दौरान वॉर्ड पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा कि मंत्री लखन लाल देवांगन का एक ही उद्देश्य है कि परिवार की तरह वार्ड और शहर की सेवा करें। वार्ड क्रमांक 16 का हर एक घर मेरा परिवार है, पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा कि अब थोड़ा थोड़ा काम करने की स्थिति खत्म हो चुकी है। अब हर वार्ड में अधिक से अधिक कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं।

### इन कार्यों का रखी गई आधारशिला

वॉर्ड क्रमांक 16 में आरसीसी नाली एवं सीसी रोड का निर्माण कार्य 30 लाख, जोगियाडेरा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 10 लाख, महंत मोहल्ला पीपरपारा में कबीर चौरा के पास बाउंड्री वाल व चबूतरा निर्माण कार्य 5 लाख कुल 45 लाख के कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

# करंट की चपेट में आने से पति और पत्नी की मौत



मृत दंपत्ति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आदर्श नगर कुसमुंडा में पति और पत्नी की करंट लगने से मौत हो गई है। तार में कपड़े सूखाने के दौरान पत्नी करंटी चपेट में आई तो पत्नी को करंट में चिपके देखकर पति उसे बचाने दौड़ा और वह भी करंटी चपेट में आ गया। इस हादसे में पति-पत्नी की मौत हो गई, हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है।

घटना कुसमुंडा थाना क्षेत्र के मनगांव रोड आदर्श नगर की है। यहां निवासरत मूलतः ओडिशा निवासी दुर्योधन महंता और भारती महंता के साथ यह हादसा हुआ है। शनिवार की सुबह 11-12 बजे के आसपास भारती महंता घर के आंगन में कपड़े सूखाने के लिए घर में खींचे गए तार पर गीले कपड़े सुखा रही थी कि इस दौरान उसे करंट का झटका लगा और वह चिपक गई। उसे इस हालत में देखकर पति दुर्योधन महंता दौड़ते हुए पहुंचा और पत्नी को असावधानी पूर्वक बचाने के चक्कर में वह भी करंट की चपेट में आ गया। इस हादसे में झूलसे पति और पत्नी दोनों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्योधन व भारती का एक 8 वर्षीय पुत्र है जो हादसे के बाद अनाथ हो गया है। मौत से स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। कुसमुंडा पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर उनके ओडिशा निवासी परिजनों को भी सूचना दे दी है।

**खास बात**

- कपड़ा सुखा रहबी पत्नी को करंट से बचाने दौड़ा पति भी आया चपेट में

# गौठान में मवेशियों की मौत का मामला आया सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत सैला में बनाए गए गौठान में आवारा मवेशियों को रखे जाने के बाद चारे पानी की सुविधा नहीं होने की स्थिति में कुछ मवेशियों के मरने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम पंचायत के द्वारा आवारा मवेशियों से फसलों को बचाने के लिए गौठान में रखा गया था।

इस मामले के अनुसार ग्राम पंचायत सैला में ग्रामीणों की धान की फसल को आवारा मवेशियों से बचाने के लिए गौठान में रखा गया था। जहां चारे पानी की व्यवस्था पंचायत के द्वारा नहीं की। गेट में ताला लगा दिया गया था। चारे पानी की व्यवस्था नहीं होने से कुछ मवेशियों की मौत हो गई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार फसलों से बचाने के लिए मवेशियों को रखा गया था। इस घटना की जानकारी जनपद पंचायत के सीईओ से लेकर एसडीएम तक के संज्ञान में नहीं है। हालांकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपने स्तर पर इसकी जानकारी ली है। घटना को लेकर पाली जनपद पंचायत के सीईओ भूपेंद्र सोनवानी और तहसीलदार श्री केशकर से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया किंतु उन्होंने कॉल रिसिव नहीं किया।

**खास बात**

- ग्राम पंचायत सैला के गौठान की घटना




गौठान जहां हुई मवेशियों की मौत।



मृत मवेशी।

**एक मवेशी की मौत हुई है**

घटना की जानकारी होने के बाद उन्होंने क्षेत्र के हल्का पटवारी को उस स्थल में भेजा था जहां एक मवेशी की मौत होने की जानकारी समाने आई है।

-**सूर्यकांत केशकर,** तहसीलदार पाल

**उनके संज्ञान में नहीं है**

इस घटना की जानकारी उनके संज्ञान में नहीं आई है। वह भी अवकाश में है। अधिनस्थ कर्मचारियों से इसकी जानकारी ली जाएगी।

-**सीमा पात्रे,** पाली एसडीएम

# बच्चों से भरी स्कॉर्पियो घुसी ज्वेलर्स की दुकान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूल से छुट्टी के बाद बच्चों को घर लेकर आ रहे स्कार्पियो वाहन जैसे ही जय स्तम्भ चौक के समीप पहुंचा अचानक ब्रेक फेल हो गया। ब्रेक नहीं लगने पर वाहन को सड़क से नीचे उतार दिया और तेज रफ्तार स्कार्पियों सड़क किनारे एक ज्वेलरी शॉप में जा घुसा। घटना का सूखद पहलू यह रहा कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। अन्यथा किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता था।

कटघोरा जय स्तम्भ चौक में एक बड़ा हादसा चालक की सूझबूझ से टल गया और अनहोनी होने से बचा लिया गया। कटघोरा थाना के जय स्तंभ चौक पर यह हादसा हुआ। रोज की तरह शनिवार की दोपहर स्कूल की छुट्टी होने के बाद स्कार्पियों का चालक बच्चों को लेकर उनके घर लौट रहा था। स्कार्पियों में करीब 15 स्कूली बच्चे सवार थे। स्कार्पियों जैसे ही जयस्तंभ चौक के पास पहुंची कि इसी दौरान अचानक गाड़ी का ब्रेक फेल हो गया। इसी वक्त सामने खड़ी ट्रक नजर आई और गाड़ी का ब्रेक नहीं लगने से हड़बड़ाये चालक ने एकाएक गाड़ी को सड़क से नीचे उतार दिया। तेज रफ्तार स्कार्पियों सड़क किनारे स्थित एक ज्वेलरी शॉप में जा घुसी। दुकान में मौजूद लोगों सहित गाड़ी के अंदर मौजूद बच्चों में चीख-पुकार मच गयी। स्थानीय लोगों की मदद से सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। देवयोग से इस हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि स्कार्पियों का चालक सूझबूझ से गाड़ी को सड़क से नीचे नहीं उतारता, तो भारी वाहन से टक्कर होने पर बड़ा हादसा हो सकता था।




ज्वेलरी शॉप में घुसी स्कार्पियो वाहन एवं घटना स्थल पर जुटी भीड़।

# आबकारी विभाग की टीम ने जब्त की महुआ शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम बतारी में एक व्यक्ति के मकान की बाड़ी से आबाकारी विभाग की टीम ने छापामार कार्यवाही करते हुए 16 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। वहीं गांव के एक दूसरे मकान से भी 19 लीटर महुआ शराब व 25 किलो ग्राम महुआ लहान जब्त किया गया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश और सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती आशा सिंह के मार्गदर्शन में 18 अक्टूबर को को आबकारी उपनिरीक्षक डॉ.सुकांत पांडेय द्वारा मुखबिर से मिली सूचना पर दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बतारी निवासी रोहित अगरिया पिता केलानसाय के मकान की बाड़ी की तलाशी लेने पर आबकारी विभाग की टीम ने 16 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क), 34(2) 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है। इसी तरह बतारी गांव में ही निवासरत राजकुमारी पति मोहित राम अगरिया के आँगन एवं बाडी की तलाशी लेने पर 19 लीटर महुआ शराब एवं जमीन में गड्ढा खोदकर गड़ाया हुआ 25 किग्रा महुआ लाहान बरामद किया गया। राजकुमारी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क,च), 34(2) 59 (क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर लेकर जेल दाखिल कराया गया।

**खास बात**

- मुखबीर से मिली सूचना पर आबकारी विभाग वृत्त दीपका की कार्यवाही



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## कांग्रेस सरकार के समय पूर्व मुख्यमंत्री ने की थी घोषणा

# माइनिंग डिप्लोमा कॉलेज शुरु होने की योजना ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पाली विकासखंड में कांग्रेस सरकार के समय पूर्व मुख्यमंत्री के द्वारा घोषित की गई माइनिंग डिप्लोमा कॉलेज की योजना ठंडे बस्ते में चली गई है। उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग के द्वारा इस संबंध में अभी तक कोई भी जानकारी जिला प्रशासन को नहीं भेजी गई है। कोयला क्षेत्र होने के कारण माइनिंग ट्रेड की डिमांड जिले के आईटी कॉलेज, पॉलिटेक्निक कॉलेज सहित इंजीनियरिंग कॉलेज में बनी हुई है।

माइनिंग ट्रेड को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा शाससन स्तर पर पत्र व्यवहार कर जिले के इंजीनियरिंग कॉलेज एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रारंभ किए जाने के संबंध में प्रस्ताव रखा गया था। यहां तक की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में भी माइनिंग ट्रेड को लेकर यहां के प्रबंधन ने भी तकनीकी शिक्षा विभाग को पत्र लिखा था तमाम प्रयासों के बावजूद जिले में चल रहे पुराने तीनों तकनीक माइनिंग ट्रेड शुरु नहीं हो सका। प्रदेश में पूर्व कांग्रेस सरकार के समय पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जब अपने पाली प्रवास पर आये थे तो क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों ने उच्च शिक्षा की दरकार बताते हुए एवं एसईसीएल क्षेत्र का हवाला देते हुए पॉलिटेक्निक, माइनिंग कॉलेज शुरु करने की मांग रखी थी और उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर इसकी घोषणा भी की। घोषण के बाद कॉलेज के लिए जमीन और भवन तलाशने का काम प्रशासनिक स्तर पर शुरु हुआ था किंतु सरकार बदलने के बाद से इस दिशा पर न तो राज्य शासन की ओर से कोई पत्र जिला प्रशासन को मिला और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए पत्र व्यवहार का जवाब दिया गया। हाल ही में दिल्ली में आहूत की गई कोल एडवाइजरी कमेटी में सांसद ज्योत्सना महंत ने कोरबा में माइनिंग कॉलेज खोले जाने का मुद्दा उठाया है। इससे अब कोरबा में अब माइनिंग कॉलेज की मांग अब बलवती हो गई है।

**पत्र व्यवहार किया गया है**

पूर्व मुख्यमंत्री ने घोषणा की थी और सांसद ज्योत्सना महंत ने भी दो दिन पूर्व दिल्ली में संपन्न हुई कोल एडवाइजरी कमेटी की बैठक में कोरबा में माइनिंग कॉलेज लगाने का मुद्दा उठाया है।

-**प्रशांत मिश्रा,** महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी

### सब स्टेशन को केसला में स्थापित करने रखी मांग

**कोरबा।** भिलाई बाजार के जनप्रतिनिधियों ने उमेंदीभाठा के बिजली सब स्टेशन को ग्राम पंचायत केसला में शिफ्ट करने की मांग की है। समाजसेवक प्रदीप जायसवाल, जनपद सदस्य दुर्गा पाटले के साथ सरपंचों ने इस संबंध में कलेक्टर को पत्र लिखा है। उनका कहना है कि एसईसीएल खदान की वजह से उमेंदीभाठा सब स्टेशन को शिफ्ट किया जाना है। इस सब स्टेशन से करीब 45 पंचायतों में बिजली आपूर्ति होती है, लेकिन पता चला है कि मोहरियामुंडा में स्थल का चयन किया जा रहा है। इससे ग्रामीणों को परेशानी होगी। केसला में सब स्टेशन शिफ्ट होने पर लोगों को सुविधा होगी। उन्होंने मांग की कि सब स्टेशन में दो कर्मचारियों की नियुक्ति भी की जाए।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चो का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
24/7 EMERGENCY SERVICES
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीजर (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं: मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

20- Oct- Jash-KORIYA-RGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 10/20/2024 8:02 PM Page 1





# 'सिंघम अगेन' का पहला गाना जय बजरंगबली रिलीज

**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स फिल्म 'सिंघम अगेन' का पहला गाना 'जय बजरंगबली' रिलीज हो गया है। हनुमान चालीसा से प्रेरित और अपने वीडियो में रामायण के संदर्भों को प्रदर्शित करने वाला यह शक्तिशाली ट्रैक त्योहारी सीजन के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। यह गाना अपने आध्यात्मिक सार और हाई-एनर्जी बीट्स के साथ धूम मचाने के लिए तैयार है। गाना रिलीज होते ही यूट्यूब पर छा गया है और इसके व्यूज तेजी से बढ़ रहे हैं। 'जय बजरंगबली' गाने को कई प्रतिभाशाली गायकों ने अपनी आवाज दी है। इनमें श्रीकृष्ण, करीमुल्लाह, अरुण कौंडिन्य, चैतू सत्संगी, श्री साई चरण, सुधांशु, रितेश जी राव, सात्विक जी राव, पृथ्वी चंद्रा आदि शामिल हैं।

## लाइफStyle



# श्रद्धा

## जितना हो सके, उतना रहना चाहिए रियल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रद्धा कपूर फिल्मों में बेहतरीन अभिनय करने के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'स्त्री-2' भी काफी चर्चा में रही, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा बिजनेस किया। फिल्म में उनके अभिनय से समीक्षक और दर्शक दोनों ही प्रभावित हुए।

एक तरफ श्रद्धा जहां अपनी एक्टिंग के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करने की कोशिश करती हैं। वहीं सोशल मीडिया पर भी अपने फैंस से कनेक्ट रहती हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर उनके फॉलोइंग की बात की जाए तो उन्हें 9 करोड़ 36 लाख लोग फॉलो करते हैं। इस तरह से वह इंस्टाग्राम पर सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। इस उपलब्धि के बारे में श्रद्धा कहती हैं कि वह खुद को इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रियल रखने की कोशिश करती हैं। वह कहती हैं, ' मैंने सोचा भी नहीं था कि सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलोअर होना इतनी बड़ी बात होगी। दरअसल, लोग हमें ज्यादा से ज्यादा देखना चाहते हैं, इसलिए जितना हो सके, उतना रियल रहना चाहिए। जो आप हैं, वह सोशल मीडिया पर दिखाना चाहिए।' इस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वह अपने फैंस के साथ कनेक्ट भी होती हैं, कमेंट सेक्शन में उनकी बातों के जवाब भी देती हैं। इस तरह अपने फैंस से कनेक्ट रहने के कारण ही, उनकी फैन फॉलोइंग लगातार बढ़ती रहती है। श्रद्धा कहती हैं, 'इंस्टाग्राम के कमेंट सेक्शन में बहुत ही एंटरटेनिंग लोग होते हैं, मुझे उनके कमेंट पढ़कर बड़ा मजा आता है।'

## हॉलीवुड मसाला



# नए जॉन-जेन की तलाश में मेकर्स

**लॉस एंजिल्स।** इस साल की शुरुआत में ही प्राइम वीडियो पर एक सीरीज 'मिस्टर एंड मिसेज स्मिथ' रिलीज हुई थी। इंट्रेस्टिंग स्टोरीलाइन, डायरेक्शन और बेहतरीन एक्टिंग का मिश्रण इस सीरीज में दर्शकों को देखने को मिला था, इसलिए इस सीरीज को काफी पसंद किया गया था। यही वजह है कि दर्शकों को इसके अगले सीजन का बेसब्री से इंतजार है। दर्शकों का यह इंतजार जल्द ही खत्म हो सकता है। क्योंकि ,हाल ही में इस सीरीज के मेकर्स ने अनाउंस किया है कि वह सीरीज के लीड कैरेक्टर्स जेन और जॉन के लिए नए चेहरों की तलाश कर रहे हैं।



# धूम मचाने आ रहा है पीटर पार्कर...

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी है। टॉम हॉलैंड और जेंडाया के साथ 'स्पाइडर मैन 4' की तैयारियां शुरू हो गई हैं। दोनों एक्टर्स ने फिल्म की स्क्रिप्ट का पहला ड्राफ्ट भी पढ़ लिया है। टॉम ने कहा कि यह बहुत ही रोमांचक है। लेकिन, इस पर अभी काम करने की जरूरत है। मार्वल के फैंस के लिए एक खुशखबरी है। टॉम हॉलैंड ने हाल ही 'स्पाइडर मैन 4' को लेकर दिलचस्प खुलासा किया है। उन्होंने बताया है कि कुछ हफ्ते पहले ही उन्होंने अपनी को-स्टार जेंडाया के साथ 'स्पाइडर मैन 4' की स्क्रिप्ट का फर्स्ट ड्राफ्ट पढ़ा है। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स अपने फेज-5 में है। एमसीयू की पिछली फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन' सुपरहिट रही है। टॉम हॉलैंड ने रिच रोल पॉडकास्ट में 'स्पाइडर मैन' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म का जिक्र किया है।



# प्रियंका ने वेस्टर्न लुक में ढाया कहर

**नई दिल्ली।** प्रियंका चोपड़ा की प्रोडक्शन फिल्म 'पानी' रिलीज हो चुकी है। इस मराठी ड्रामा का निर्देशन अदिनाथ एम कोठारे ने किया है, जो इस फिल्म में मुख्य भूमिका में भी हैं। फिल्म में आदिनाश समेत रुचा वैद्य, सुबोध भावे, राजित कपूर, किशोर कदम, नितिन दीक्षित, सचिन गोस्वामी, मोहनबाई, श्रीपद जोशी और विकास पांडुरंग पाटिल भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। बीती रात मुंबई में 'पानी' की भव्य स्क्रीनिंग आयोजित की गई, जिसमें देसी गर्ल परिवार के साथ शिरकत करती नजर आईं। प्रियंका चोपड़ा ने एक चमकदार बेज रंग का गाउन पहनकर सारी लाइमलाइट चुरा ली। उन्होंने अपने आउटफिट को डायमंड ईयरिंग, स्टेटमेंट ब्रेसलेट और सिल्वर हाई हील्स के साथ स्टाइल किया था। डीवा ने अपने लुक को ग्लैम मेकअप और एक स्लीक बन के साथ पूरा किया।



# सनी की फिल्म 'जाट' की शूटिंग शुरू

**मुंबई।** सनी देओल की पाइपलाइन में कई चर्चित फिल्में हैं। सनी ने अगली फिल्म के लिए साउथ के सफल निर्देशक गोपीचंद मालिनेनी के साथ हाथ मिलाया है। शुरू में 'एसडीजीएम' नाम से चर्चित इस फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'जाट' है। फिल्म निर्माता 'जाट' के लिए गणतंत्र दिवस 2025 सप्ताहांत रिलीज का लक्ष्य बना रहे हैं। मैत्री मूवी मेकर्स ने अभिनेता के धाकड़ पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'बड़े पैमाने पर कार्रवाई के लिए राष्ट्रीय परमिट वाले व्यक्ति का परिचय।' सनी जाट के रूप में जुड़ गए हैं।' मास एक्शन एंटरटेनर विशेषज्ञ के रूप में प्रख्यात गोपीचंद मालिनेनी वर्तमान में अपने करियर की अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। सनी देओल की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म की शूटिंग वर्तमान में हैदराबाद में की जा रही है।

## टीवी मसाला



# सालों बाद बिग बी ने पूरी की विद्या बालन की ख्वाहिश...

**नई दिल्ली।** विद्या बालन और कार्तिक आर्यन हाल ही में अमिताभ बच्चन के शो कौन बनेगा करोड़पति 16 में आए। दोनों अपनी अपकमिंग फिल्म भूल भुलैया 3 के प्रमोशन के लिए आए थे। तीनों ने साथ में काफी मस्ती की। इस दौरान का एक प्रोमो सामने आया है जिसमें विद्या, बिग बी से अपने दिल की बात करती हैं। वह कहती हैं कि बिग बी को लेकर उनकी एक ख्वाहिश थी जो अधूरी रह गई थी। लेकिन अब सालों बाद बिग बी ने उनकी इस ख्वाहिश को पूरा कर दिया है। विद्या ने कहा, पा की शूटिंग के दौरान एक सीन था बच्चन सर के साथ। मैं आज रपट जाए तो हमें ना उठाइयो गाने पर डांस करना था, लेकिन मैं आपकी मां का किरदार निभा रही थी तो मैंने मंकी डांस किया। ख्वाहिश अधूरी रह गई सर। बिग बी फिर विद्या को स्टेज पर डांस करने के लिए कहते हैं। दोनों ने फिर इसी गाने पर डांस किया। बिग बी ने आखिरकार विद्या की इस पुरानी ख्वाहिश को पूरा कर ही दिया। इस वीडियो पर फैंस दोनों पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। सभी को दोनों का डांस पसंद किया। कोई कमेंट कर रहा है कि मजा आ गया दो टैलेंटेड एक्टर्स को साथ देखकर। एक ने लिखा कि दोनों को फिर साथ कास्ट कर दो कोई।

## रजनी बन घर-घर मशहूर हुईं प्रिया



**नई दिल्ली।** प्रिया तेंडुलकर ने फिल्म-टीवी दोनों ही मीडियम में काम किया था। उन्होंने फिल्मों में, धारावाहिकों में बेहतरीन अभिनय के जरिए दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी। खासकर दूरदर्शन पर साल 1985 में धारावाहिक 'रजनी' से वह दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय हो गई थीं। इस धारावाहिक में उन्होंने एक गृहिणी की भूमिका निभाई थी, जो कि भ्रष्टाचार और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ती है। इस धारावाहिक ने उस समय सामाजिक बदलाव लाने में अहम भूमिका निभाई थी और प्रिया तेंदुलकर को घर-घर मशहूर भी कर दिया था। इसके अलावा वह कॉमेडी सीरियल 'हम पांच(1995)' का भी हिस्सा रहीं। इस सीरियल में भी उनके किरदार को काफी पसंद किया गया। उन्होंने मॉडलिंग में काम किया और बतौर न्यूज रीडर भी जॉब की। लेकिन कहीं भी उनका मन नहीं लगा। आखिर में उन्होंने एक्टिंग की राह ही पकड़ी। प्रिया ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत श्याम बेनेगल की फिल्म 'अंकुर (1974)' से की थी।

# साई पल्लवी के साथ काम करना चाहते हैं मणिरत्नम

***मुंबई।*** *शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी अभिनीत 'अमरन' के प्री रिलीज इवेंट का आयोजन किया गया। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता लोकेश कनगराज और मणिरत्नम भी इस फिल्म में शामिल हुए।*



*इस बातचीत के दौरान मणिरत्नम ने साई पल्लवी के साथ काम करने की इच्छा जताई। मणिरत्नम ने साई पल्लवी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि वह उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं। निर्देशक ने कहा, मैं तुम्हारा बहुत बड़ा प्रशंसक हैं। मैं आशा करता हूं कि कभी मुझे भी तुम्हारे साथ काम करने का मौका मिलेगा। इसके बाद कार्यक्रम स्थल पर जोर से तालियां बजने लगीं। इसमें सबसे ज्यादा संख्या साई पल्लवी के प्रशंसक शामिल रहे। साई पल्लवी ने इस बात पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, सिनेमा में आने से पहले, मैं कई सारे निर्देशकों को नहीं जानती थी लेकिन मैं मणिरत्नम का नाम पहले से जानती थी। वह एक बड़ा कारण हैं, जिनके लिए मैंने अपनी स्क्रिप्ट और किरदारों को लेकर इतनी सजग रहती हूं।*

*सीन से पहले पीते थे रम, कहते 'आंखों में शराब दिखनी चाहिए'*

# 'देवदास' के बाद शाहरुख को लग गई थी शराब की लत...

**मुंबई।** बॉलीवुड के बादशाह सुपरस्टार शाहरुख खान ने हाल ही में 2002 की फिल्म 'देवदास' के बारे में बात की। उन्होंने ये भी कहा कि इसके बाद उन्हें शराब की लत लग गई थी। 'देव' को प्ले करने में बहुत मेहनत लगी, लेकिन उन्होंने बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड भी जीता। संजय लीला भंसाली को फिल्म ने जबरदस्त सफलता दिलाई। हालांकि, हाल ही में एक इंटरव्यू में, किंग खान ने खुलासा किया कि कैसे देव के कैरेक्टर ने उनकी जिंदगी बदल दी।

***करना चाहते थे बड़े रोल :*** उन्होंने बताया कि कैसे उस समय वह छोटे रोल्स नहीं करना चाहते थे। ऐसा इसलिए क्योंकि वह अपने दिवंगत माता-पिता को प्राउड कराना चाहते थे।

***दिलीप कुमार और उत्तर कुमार के रास्ते पर चले :*** शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास पर आधारित भंसाली की फिल्म में शाहरुख एक परेशान शराबी 'देव' का रोल कर



रहे थे, एक ऐसा किरदार जिसे पहले उत्तम कुमार और दिलीप कुमार जैसे कई एक्टर्स ने निभाया था।

***फिल्म के बाद लगी शराब पीने की लत :*** उन्होंने कहा- मैंने उस एक हारे हुए आदमी को प्ले किया है, जिसके पास प्यार के लिए अपने कारण थे मैं चाहता था कि वह असली हो मैंने सेट पर थोड़ी शराब पी थी इससे मदद मिली, लेकिन मैंने फिल्म के बाद शराब पीना शुरू कर दिया। तो यह इसका एक नकारात्मक पहलू था।

***किसी कैरेक्टर में डूब जाते थे शाहरुख :*** शाहरुख खान जब अपने करियर के बारे में बात करते हैं, तो बताते हैं कि किसी कैरेक्टर के लिए वो उसमें डूब जाते थे। यही कारण था कि देव को प्ले करने के लिए उन्होंने शराब पी।

### करने लगे मेथड-एक्टिंग

ऐसे रोल की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए, शाहरुख ने 'देव' के लिए मेथड-एक्टिंग को फॉलो करने का फैसला किया, जिसके लिए उन्हें कुछ सीन्स में शराब पीने की जरूरत थी।

### बैक-टू-बैक पीते थे रम

इस साल की शुरुआत में, बातचीत में शाहरुख के को-एक्टर टीकू तल्सानिया ने याद किया था कि कैसे शाहरुख फिल्म के कुछ सीन्स की शूटिंग से पहले रम के बैक-टू-बैक शॉट्स लेते थे।

### एक्टिंग तो हो जाएगी पर...

उन्होंने जब उनसे इस बारे में पूछा तो शाहरुख ने कहा- सर, एक्टिंग तो हो जाएगी। आंखों में शराब दिखती नहीं है ना, उसका क्या।

### ब्लॉकबस्टर हुई 'देवदास'

ये किस्से इस बात को दिखाते हैं कि क्यों शाहरुख खान को एक सच्चे सुपरस्टार के रूप में जाना जाता है। ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित के साथ वाली शाहरुख खान की 'देवदास' एक ब्लॉकबस्टर हिट बन गई।

## बना सबसे अमीर एक्टर फिर आखिरी वक्त में 60 हजार में बेचना पड़ा घर

# इस सुपरस्टार की हर फिल्म 25 हफ्ते तक चलती थीं सिनेमाघरों में

***नई दिल्ली।*** *इंटरनेट और OTT के इस दौर में आज की नई पीढ़ी जुबली स्टार की अहमियत शायद ही समझ सकेगी. दरअसल, जुबली स्टार ये एक तमगा था, जो गुजरे जमाने के मशहूर एक्टर राजेंद्र कुमार को दिया गया था। क्योंकि. इस सुपरस्टार की हर फिल्म थिएटर में 25 हफ्तों तक गुलजार रहती थी। आज के दौर में, जहां हर हफ्ते दर्जनों फिल्में और उससे दोगुनी वेब सीरीज रिलीज़ होती हैं, वहां जुबली स्टार होने की कल्पना भी मुश्किल है। हाल ही में, एक इंस्टाग्राम अकाउंट ने राजेन्द्र कुमार के फोटोज के साथ एक दिलचस्प रील बनाई है, जो उनके शानदार करियर की कहानी बयां करती है।*

### इसलिए जुबली स्टार पड़ा नाम

राजेन्द्र कुमार ने 60 के दशक की शुरुआत में कार्टर रोड पर एक भूतिया बंगला खरीदा और फिर उनकी किस्मत रातों-रात बदल गई। 1963 से 1966 के बीच आई उनकी सभी फिल्में हिट रहीं। उनका नाम तब जुबली कुमार के नाम से मशहूर हो गया, क्योंकि उनकी हर फिल्म थिएटर में 25 हफ्तों तक चलती थी। वे अपने समय के सबसे अमीर एक्टर्स में शामिल हो गए थे, लेकिन उन्हें कभी कोई अवॉर्ड नहीं मिला। फिर 1970 में राजेश खन्ना के आगमन के साथ ही उनके करियर का सितारा ढलने लगा। अब उन्हें सपोर्टिंग रोल्स के ऑफर मिलने लगे और आर्थिक स्थिति बिगड़ने लगी। 1980 में, उन्होंने अपने बेटे कुमार गौरव को लॉन्च करने का फैसला किया। कुमार गौरव की पहली फिल्म 'लव स्टोरी' सुपरहिट रही, लेकिन उसके बाद उनकी कोई भी फिल्म नहीं चली।



### आखिरी दिनों में बेचना पड़ा था बंगला

बेटे के लिए लगातार फिल्में बनाने के चलते राजेन्द्र को अपना बंगला भी बेचना पड़ा। उन्होंने 60 हजार में अपना बंगला राजेश खन्ना को बेच दिया और उस रात रोते रहे। 68 की उम्र में उन्हें ब्लड कैंसर हुआ, लेकिन राजेन्द्र ने अपनी शर्तों पर जीने का फैसला किया। दवा खाने से उन्होंने मना कर दिया और अपने बेटे के जन्मदिन की अगली रात हार्ट अटैक से उनकी मौत हो गई। इस तरह, एक अमीर सुपरस्टार की जिंदगी का अंत बेहद दर्दनाक रहा। ये कहानी न केवल उनके संघर्ष और स्टारडम की है, बल्कि ये कहानी जिंदगी के चढ़ाव और उतार की है। ये कहानी जिंदगी में मिलने वाली सफलता और असफलता की भी है। ये कहानी हमें ये भी बताती है कि ऊंचे से ऊंचे मुकाम पर पहुंचने के बाद भी संघर्ष कैसे जारी रहता है।

## खबर संक्षेप

### महिला मंडली ने शबरी मंदिर में किया भजन-कीर्तन



**खरौद।** छठवीं शताब्दी के एक मात्र शबरी मन्दिर में महामाया अध्यात्म परिषद के संयोजकत्व में शरदपूर्णिमा के अवसर पर 17 अक्टूबर को महिला कीर्तन मण्डली द्वारा कीर्तन भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरिकीर्तन महिला मण्डली शुकुल पारा खरौद ने ढोलक मंजीरा और खँजरी के साथ मनमोहक भजन कीर्तन करते हुए उपस्थित सभी श्रद्धालु श्रोताओं के मन को मोह लिया। कार्यक्रम के ब्यवस्थापक और महामाया अध्यात्म परिषद के वरिष्ठ सदस्य धनसाय यादव ने बताया कि धार्मिक मान्यतानुसार शरदपूर्णिमा को चन्द्रमा अपने पूरे सोलहवों कला के साथ उदय होता है। इसी किरण में आयुर्वेदिक ओषधि का असर रहता है। इसी ओषधि को लोग अमृत रूप मानते हैं। शरदपूर्णिमा को ही भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के साथ रासलीला किये थे। हेमलाल यादव ने कहा कि लयुग में भगवान को पाने या ,मुक्ति पाने का यह सरल उपाय है इसलिये जब कभी भी समय मिले भगवन्नाम का कीर्तन करते रहना चाहिए। भगवान तो कहते हैं जहां मेरे भक्त मेरा गान करते हैं वहाँ ही मैं उपस्थित रहता हूं। भजन कीर्तन कार्यक्रम में महिला कीर्तन मण्डली के गौरी यादव, तिरबेनी यादव, सावित्री ताराबाई यादव, शान्ति श्रीवास, ललिता थवाईत, चन्द्रप्रभा यादव, कांतिबाई नोनिया, सविता रात्रे, भगवती साहू, चमेली यादव, उत्तरा नोनिया, चंद्रकला नोनियाँ, सतरूपा यादव, दुलौरिन यादव, रामबाई यादव, नर्मदा यादव, गौरी नोनिया, रमेश्वरी श्रीवास, मदालसा यादव, ऐश्वर्या सोनी, सुभद्रा सोनो, जीवनबाई सोनी, कावेरी यादव के अलावा मनोहर देवांगन, बहरता यादव, कांति यादव और सरवन यादव उपस्थित रहे।

### हथनेवरा में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आगाज

**जांजगीर-चांपा।** हथनेवरा में रविवार 20 अक्टुबर को कलश स्थापना के साथ श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आगाज हो गया। इस धार्मिक आयोजन का समापन 28 अक्टुबर को तुलसी वर्षा और पूर्णाहूति के साथ होगा। हथनेवरा में स्व. डॉ. जवाहर सिंह बैस के निवास में श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत 20 अक्टुबर को हुई। कथा ब्यास भैसमुड़ी वाले



पंडित योगेश चतुर्वेदी ने विधि विधान से श्रीमद् भागवत सप्ताह का आगाज किया। सोमवार 21 अक्टूबर को सुकदेव चरित्र और परीक्षित जन्म की कथा सुनाई जाएगी। मंगलवार 22 अक्टूबर को कपिल अवतार, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र का वर्णन किया जाएगा। बुधवार 23 अक्टुबर को जड़ भरत चरित्र और प्रहलाद चरित्र की कथा होगी। वहीं गुरुवार 24 अक्टुबर को गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार, रामचरित्र एवं कृष्ण जन्मोत्सव होगा। शुक्रवार 25 अक्टुबर को कृष्णलीला, शनिवार 26 अक्टूबर को सुदामा चरित्र की कथा होगी। रविवार 27 अक्टूबर को परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ विश्राम होगा, वहीं सोमवार 28 अक्टूबर को तुलसी वर्षा और पूर्णाहूति के साथ इस धार्मिक आयोजन का समापन होगा।

## निधन

### श्रीमती नम्रता सिंह



**अकलतरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ के सेवानिवृत्ति उपसंचालक राहुल कुमार सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती नम्रता सिंह का 58 वर्ष की उम्र में बेंगलुरु में 20 अक्टूबर को निधन हो गया है। उनका विवाह 1987 में राहुल कुमार सिंह से हुआ था। वे स्व.सत्येंद्र कुमार सिंह की पुत्रवधु, अनुपम सिंह की माता, पूर्व विधायक सौरभ सिंह की भाभी, अपूर्व सिंह एडवोकेट एवं वर्तमान विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह की चाची थीं।

### इंद्रमन बघेल



**डोंगाकोहरौद।** ग्राम पंचायत भिलौनी प्रतिष्ठित नागरिक एवं छत्तीसगढ़ संस्कृत ज्ञान धारा भिलौनी विद्यालय के प्राचार्य एवं संचालक इंद्रमन बघेल का 19 जनवरी को निधन हो गया। वे 42 वर्ष के थे। वे अपने पीछे दो पुत्र आदर्श कुमार, हर्षित कुमार एवं एक पुत्री गुनगुन बघेल से भरा पुरा परिवार छोड़ गए है। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### गंगाधर साहू



**तनौद।** आदर्श ग्राम पंचायत खोरसी के प्रतिष्ठित नागरिक रामकिर्तन साहू के ज्येष्ठ पुत्र गंगाधर साहू का 26 वर्ष की उम्र में 18 अक्टूबर को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार चित्रोत्पला गंगा महानदी के तट पर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनके अंतिम यात्रा में ग्राम के स्वजातीय बंधुओं के अलावा ग्रामीण जन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

---

150 रुपया से लेकर 600 रुपए पर लीटर बिक रहा डिस्टेम्पर

# दीपावली त्यौहार को लेकर घरों की सफाई व रंगाई-पुताई में जुटे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

मां लक्ष्मी की अगुवानी का पर्व दीपावली को लेकर लोग अपने घरों के साफ-सफाई के साथ रंग रोगन कार्य में जुट गए है। बाजारों में डिस्टेंपर 180 से लेकर 600 प्रति लीटर बिक रहा है बाजारों में अलग-अलग कंपनियों के डिस्टेंपर एवं मैजिक सामान की बिक्री हो रही है।

गौरतलब है देश के साथ साथ प्रदेश एवं जिले के सबसे बड़े त्यौहार दीपावली इस वर्ष 31 अक्टुबर को मनाया जाएगा। दीपावली त्योहार को अब महज दस दिन का ही समय शेष बचा है। ऐसे में लोग पर्व को लेकर लोग अभी सही अपने घरों की साफ सफाई एवं रंग रोगन करने में जुट गए हैं। इसके लिए तकरीबन 10 से 15 दिनों पूर्व से ही घरों में तैयारी चल रही है। दीपावली त्यौहार को लेकर बाजारों में भी अलग-अलग कंपनियों के डिस्टेंपर एवं मैजिक की बिक्री हो रही है वहीं के दाम 180 प्रति लीटर से लेकर 600 प्रति लीटर तक नैरोलैक इंडिगो एशियन पेंट सहित अन्य विभिन्न प्रकार के कंपनियों के डिस्टेंपर बाजारों में बिक रहे हैं। इसी प्रकार मैजिक सेम प्रति 25 किलोग्राम 350 की दर से बिक रहा है। इधर दीपावली त्यौहार





भवन की पुताई करता मजदूर एवं दुकान में बिक्री के लिए रखा पेंट।

को लेकर जिला मुख्यालय जांजगीर के अलावा चांपा, अकलतरा, सक्ती, बलौदा पामगढ़, मालखरौदा, बाराद्वार, शिवरीनारायण सहित अन्य प्रमुख शहरों में दुकानें अभी से ही सजनी प्रारंभ हो गई है। लोग धीरे-धीरे अपने आवश्यकताओं के अनुसार घरों के साफ-सफाई एवं रंग रोगन को लेकर पेंट डिस्टेंपर की खरीदी भी कर रहे हैं। हालांकि इस बार भी डिस्टेंपर के दामों में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अभी मुख्य रूप से इन दिनों बाजारों में पेंट डिस्टेंपर की ज्यादा मांग है। इसके बाद त्यौहार नजदीक आने पर लोग अपनी आवश्यकतानुसार कपड़ा, ज्वेलरी, बर्तन, टीवी, फ्रिज सहित अन्य सामानों की खरीदारी अपने जरूरत के अनुसार करते हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के घरों में इन दिनों ज्यादातर लिपाई-पुताई का काम चल रहा है। इसके लिए श्रमिकों की सेवाएं भी ली जा रही है। इस संबंध में रंग पेंट बेचने वाले दुकान संचालकों का कहना है कि दीपावली त्यौहार को लेकर ग्राहक पेंट लेने पहुंच रहे हैं। इस बार डिस्टेंपर के दामों में मामूली वृद्धि हुई है। पेंट के दाम 180 प्रति लीटर से लेकर 600 तक मिल रहे हैं।



जाति प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित छात्र-छात्राएं।

## विद्यार्थियों को नि:शुल्क जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने मिशन मोड में चल रहा कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

अकलतरा विकासखंड के संकुल केंद्र बरगवां के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कोटगढ़ में 37 विद्यार्थियों को आनलाइन अपलोड कार्य के पश्चात बने स्थायी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र का वितरण संकुल प्रभारी अजय मार्बल, शैक्षिक समन्वयक अंबरीश सिंह बैस एवं पालको की उपस्थिति में निःशुल्क प्रदान किया गया।

**खास बात**
- शासकीय प्राथमिक शाला कोटगढ़ में 37 बच्चों को निशुल्क प्रदान किया गया जाति प्रमाण पत्र

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संकुल प्रभारी अजय मार्बल ने कहा कि स्थाई सामाजिक प्रस्थिति प्रमाण पत्र बनाने के लिए सक्रियता से कार्य किया जा रहा है, अभिभावक इस कार्य में शिक्षकों को सहयोग प्रदान करें। अंबरीश सिंह बैस ने कहा कि शासन द्वारा विद्यार्थियों को निशुल्क जाति प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए मिशन मोड में कार्य किया जा रहा है। शाला में नियुक्त स्थाई सामाजिक प्रस्तुति प्रमाण पत्र की नोडल शिक्षिका श्रीमती शशि कंवर के विशेष प्रयास एवं शाला की प्रधान पाठिका श्रीमती सिद्धि सिदार ,शिक्षक श्रीमती शबीना बानो खान, हेमलता यादव, डमरू धर खुंटे के सहयोग से 37 बच्चों को निशुल्क जाति प्रमाण पत्र दिया जाना प्रशंसनीय कार्य है। अभिभावकों के द्वारा अपने बच्चों को निशुल्क जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करते देखकर उनके द्वारा शाला की नोडल शिक्षिका श्रीमती शशि कंवर सहित समस्त शिक्षकों के प्रति आभार प्रदर्शित किया गया।



## शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय धमनी में हुआ मेगा पीटीएम

**हसौद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय धमनी में 18 अक्टूबर शुक्रवार को मेगा पीटीएम बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मुख्य रूप से शैक्षिक समन्वयक संकुल केंद्र हसौद विश्वनाथ प्रताप टंडन व शाला के प्रभारी प्रधान पाठक जगजीवन प्रसाद जांगड़े सहित विद्यालय के सभी शिक्षक तथा पालकगण उपस्थित हुए। नवाचारी शिक्षक जगजीवन प्रसाद जांगड़े ने बताया कि इस पीटीएम का प्रमुख उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा पालकों व शिक्षकों के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करना साथ ही पालकों को बच्चों की गतिविधियों से अवगत कराना था। सीएसी विश्वनाथ प्रताप टंडन द्वारा बैठक की रूपरेखा को रेखांकित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के विकास हेतु पालकों को सजग रहना होगा शिक्षकों से समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कदम उठाने की बात कही। शिक्षक हेरोद कुमार भारद्वाज द्वारा सभी कक्षाओं के विषय को तिमाही परीक्षा का परीक्षा परिणाम पालकों को बताया गया साथ ही उत्तर पुस्तिका भी बतलाया गया जिससे सभी पालक में काफी उत्साह व रुचि देखने को मिला। सभी अपने - अपने बच्चों के प्राप्तांक देखकर प्रफुल्लित हुए तथा कमजोर छात्र को और अच्छे से मेहनत करने के लिए कहा गया।

## शरद संगीत समारोह में कलाकारों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

गुरुघासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद का 28वां वार्षिकोत्सव शरद संगीत समारोह का आयोजन राज महल प्रांगण में शरद पूर्णिमा को सम्पन्न हुआ। प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि पं. गीताराम तिवारी भागवताचार्य थे। अध्यक्षता बनवारी

- गुरु घासीदास संगीतम महाविद्यालय का 28 वां वार्षिकोत्सव शरद संगीत समारोह आयोजित

लाल कश्यप से नि अनु.अधिकारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में पं दीलिप पाण्डेय भागवताचार्य, के आर कश्यप प्राचार्य गुरुघासीदास संगीत महाविद्यालय, फिरतु राम गुप्ता उपस्थित थे।

मंत्रोच्चार पं. जितेंद्र कृष्ण तिवारी द्वारा किया गया। पं. गीताराम तिवारी ने कहा कि वाल्मीकि पहले डाकू थे,परन्तु नारद जी की कृपा से उल्टा नाम जपकर ब्रह्म समान हो गए। कार्यक्रम को दिलीप पाण्डेय, बनवारी लाल कश्यक ने भी संबोधित किया। प्रथम प्रस्तुति के रूप में संस्कार भारती ध्येय गीत साध्यति संस्कार भारती,सरस्वती वंदना एवं गुरुवंदना का मधुर सामुहिक गायन शारदा संगीत विद्यालय बिर्रा के गुरुजनों व विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इसके बाद राग यमन, राग





कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं प्रशस्ति पत्र के साथ उपस्थित कलकाकार।

भैरव, राग दरबारी की मधुर प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात द्वितीय सत्र प्रारम्भ किया गया। द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि बालेश्वर साहू विधायक जैजैपुर थे। अध्यक्षता गगन जयपुरिया सभापति जिला पंचायत ने की। विशिष्ट अतिथि गोपी सिंह ठाकुर जिला उपाध्यक्ष भाजपा, पीलीबाई एकादशिया साहू जनपद सदस्य, रितेश रमण सिंह, चेतन प्रताप सिंह ,पीयूष देव सिंह, डॉ.शुभम शुक्ला संचालक शुक्ला हेल्थ केयर हास्पिटल,मणिलाल कश्यप, ओमप्रकाश शर्मा, एच एल भारती, एकादशियां साहू, हरिराम जायसवाल,बसंत देवांगन के आतिथ्य हुआ। मुख्य अतिथि बालेश्वर साहू ने कहा संगीत के विकास,प्रचार,विस्तार,और जनजन को संगीत मय करने के लिए गुरुघासीदास संगीत महाविद्यालय कटिबद्ध है। विधायक ने गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपये देने की घोषणा की। प्रथम प्रस्तुति के रूप में अंकित ,भावना,कमलेश चौहान के द्वारा लोकगीत,सुवा गीत आदि प्रस्तुत किया गया। आभार प्रदर्शन मनोज तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन मनोज तिवारी तथा के आर कश्यप द्वारा किया गया। इस अवसर पर चंदन कश्यप, रेशमलाल कश्यप, दुष्यंत साहू, प्रहलाद पटेल, लोकेश देवांगन,भागवत नामदेव, विजय कहार, दुर्गेश कहार, फिरतु राम गुप्ता, बहोरन ढीमर, पीताम्बर कश्यप आदि गणमान्य नागरिकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कबड्डी में अकलतरा महाविद्यालय की छात्राओं ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान

**अकलतरा।** महाविद्यालयीन परिक्षेत्र स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सांदीपनी विज्ञान महाविद्यालय राहोद में किया गया। प्रतियोगिता में जांजगीर एवं सक्ति जिले के 16 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय एवं डॉ इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा के बीच खेला गया। लक्ष्मेश्वर महाविद्यालय से पराजित होकर अकलतरा महाविद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। लक्ष्मणेश्वर महाविद्यालय के खिलाड़ी रीना अंचल को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट घोषित किया गया वहीं अकलतरा महाविद्यालय की ओर से ज्योति कोर्राम, अंजलि कैवर्त, अन्नू कश्यप, मेघा बर्मन एवं दिप्ति श्रीवास ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के आयोजन में क्रीड़ा अधिकारी विश्वास विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा। खिलाड़ी छात्राओं की उपलब्धि पर शासकीय डॉक्टर इंद्रेश महाविद्यालय के प्राचार्य यू एन कुर्रे के द्वारा बधाई प्रेषित करते हुए उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।



क्रीड़ा अधिकारी के साथ उपस्थित खिलाड़ी।

## आचार्य द्यिसागर के अवतरण दिवस पर नगर में निकाली गई शोभा यात्रा

**अकलतरा।** जैन समाज के संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज का 78 वा अवतरण दिवस के अवसर पर जैन समाज द्वारा जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में दो रथों में जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा इंडिया नहीं भारत बोलो, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ , हथकरघा के वस्त्रों का उपयोग करो, गौ माता के संरक्षण के लिए गौशाला की स्थापना , आयुर्वेदिक दवाइयां का उपयोग करने जागरूकता संदेश दिया गया। शोभायात्रा रेलवे फाटक, बजरंग चौक, शास्त्री चौक, पोस्ट ऑफिस मार्ग होते हुए वापस जैन भवन पहुँची। जैन भवन में आचार्य विद्यासागर महाराज के छाया चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर जैन समाज के युवाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। आर्या जैन द्वारा नृत्य के माध्यम से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जैन पाठशाला के बच्चों द्वारा आचार्य विद्यासागर महाराज के जन्म से लेकर मुनि दीक्षा का नाटक के माध्यम से सुंदर चित्रण प्रस्तुत किया गया। समिधा जैन एवं जैन समाज की महिलाओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति देने पर समाज





के लोगों द्वारा ताली बजाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि दिनेश सिंह, अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष विजय केडिया, मुस्लिम समाज के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान खान, नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष खुलन सोनवानी, अग्रवाल समाज के कोषाध्यक्ष गोपेश तुलस्यान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन समिधा जैन एवं प्रज्ञा जैन ने किया एवं आभार प्रदर्शन सुशील जैन ने किया।

## हाईस्कूल से अंबेडकर चौक तक हुआ वॉक फॉर फ्रीडम

**पामगढ़।** ग्राम मेऊ के शासकीय हाई स्कूल में 19 अक्टूबर को द मूवमेंट इंडिया , जन जागरण समिति और दलित अधिकार अभियान के संयुक्त तत्वाधान में वॉक फॉर फ्रीडम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य पी एल महिपाल ने जनजागरण समिति पामगढ़ का परिचय देते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य , कुपोषण, और अन्य सामाजिक सरोकार के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दिए। साथ ही शिक्षा के महत्व के बारे मे विस्तार से समझाया।

कार्यक्रम के संयोजक विभीषण पात्रे ने वॉक फॉर फ्रीडम के उद्देश्य के बारे में बताया और घोषणा पत्र को पढ़ कर सुनाया। घोषणा पत्र पढ़ने के बाद सभी ने हाई स्कूल से अंबेडकर प्रतिमा तक पद यात्रा किया और प्रतिमा के सामने लोगो को जागरूक और संवेदनशील बनाने के लिए मानव श्रृंखला बनाया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रजनीकांत रत्नाकर सामाजिक



लोगों को जागरुकता का संदेश देते कार्यक्रम संयोजक एवं अन्य।

कार्यकर्ता विजय मल्होत्रा सामाजिक कार्यकर्ता, स्कूल के शिक्षक मुकेश खूंटे, कृष्ण कुमार कंवर, श्रीमती जया वैष्णव, शिव कुमार केशी, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गंगा प्रसाद, बी एड प्रशिक्षार्थी यज्ञ शालिनी आदित्य, सत्यम देवांगन, कीर्ति सोनी, अनिता साहू और स्कूल के छात्र छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

## पेंशनरों की समस्या निराकृत करने एवं सुविधा मुहैया कराने एसबीआई कृत संकल्पि : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

भारतीय स्टेट बैंक शाखा सक्ती के तत्वाधान में 19 अक्टूबर को समय सायं 5 बजे बैंक परिसर में पेंशनरों की बैठक आयोजित किया गया। शुरुआत में मुख्य प्रबंधक रॉकी गोयल फेडरेशन के जिला

- भारतीय स्टेट बैंक शाखा सक्ती के तत्वाधान में पेंशनरों की बैठक आयोजित

प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला संयोजक राधेलाल भारद्वाज, वरिष्ठ पेंशनर डॉ. डी. डी. मिश्रा, प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ सक्ती जिलाध्यक्ष एच. आर. धीरहे, वरिष्ठ नागरिक मंच प्रमुख डी. के. पाली, पेंशनर तुलसीराम राठौर एवं विजय बहादुर सिंह जुदेव मंचस्थ रहे। उपस्थित सभी पेंशनरों का फुल, माला, साल, श्रीफल से स्वागत किया। पेंशनर श्रीमती रेखा ठाकुर, एल. आर. जायसवाल एवं





बैठक में उपस्थित पेंशनर एवं बैंक के अफसर।

श्यामसुंदर अग्रवाल ने स्वागत गीत की प्रस्तुति देते हुए कार्यक्रम की सराहना किया। मुख्य प्रबंधक रॉकी गोयल ने अपनी उद्बोधन में कहा कि पेंशनरों के लिए प्रत्येक माह के 1 से 10 तारीख पृथक से कैश काउंटर दोपहर 2 बजे तक की व्यवस्था रहेगी। इसके बाद भी अशक्त पेंशनरों को कोई समस्या आने पर सीधे मुख्य प्रबंधक से संपर्क कर अपना भुगतान प्राप्त कर सकते है। माह नवंबर 2024 में जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने हेतु पृथक से काउंटर की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम का सफल संचालन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सक्ती के जिला प्रमुख संरक्षक रमेश तिवारी ने किया एवं आगे उन्होने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशनर कल्याण संघ के तत्वाधान में माह नवंबर 2024 के दूसरें सप्ताह में तिथि निर्धारित कर बैठक आयोजित की जायेगी। उस बैठक में बैंक के प्रतिनिधी के तौर पर बैंक कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहेंगे, वहां भी जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते है। इस बैठक की सूचना व्हाट्सअप एवं समाचार पत्र द्वारा पृथक से दी जावेगी। शहीद दीपक भारद्वाज के राधेलाल भारद्वाज (गुरुजी) को मुख्य प्रबंधक रॉकी गोयल एवं बैंक परिवार ने सॉल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक रॉकी गोयल, बासु कोरम, राम सुंडी, सुशील कुमार कोरम, सौरभ अग्रवाल, मिथलेश राजपूत, आशुतोष बाजपेयी ने सराहनीय भूमिका का निर्वहन किया। कार्यक्रम में उपस्थित 98 वर्ष उम्र के ताराचंद द्विवेदी एवं डॉ. डी.डी मिश्रा, आर.एन. राठौर, आर.एन. पटेल, विश्वनाथ मेहर, के.पी देवांगन, नीनीराम जायसवाल, एल.आर. जायसवाल, हेतराम पटेल, बृजमोहन सिंह ठाकुर, श्रीमती रेखा ठाकुर उपस्थित रहे।

